हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 13 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

11 शहर के विकास कार्यों में बाधा डालने पर होगी कार्रवाई: जांबा



11 खरीद एजेंसियों की लापरवाही पड़ रही भारी



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ युवक दबोचा

जींद। डिटेक्टिव स्टाफ ने मीट मार्केट के निकट एक युवक को काबू कर एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ कर्मी हांसी ब्राच नहर के साथ सड़क पर गश्त कर रहे थे। घोड़ापुली पर युवक पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया।

### ताले तोड़कर 12 लाख के जेवरात और नकदी चुराई

कैथल। शहर के आरके पुरम कॉलोनी में चोरों ने एक मकान में ताले तोड़कर 12 लाख रुपये के गहने, 30 हजार रुपये की नकदी और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए। दरअसल, घटना के समय परिवार घर पर नहीं था और वह खाटू श्याम के दर्शन करने गए हुए थे। जैसे ही वे वापस लौटे तो देखा कि घर में चोरी हो चुकी है। शहर थाना में शिकायत दी है।

### कार ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल

जींद। सीआरएसयू के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। न्यू कृष्णा कालोनी निवासी परविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुढ़ाबाबा बस्ती से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था।

### व्यक्ति से 38499 रुपये की धोखाधड़ी की

कैथल। तितरम थाना पुलिस ने कस्टमर केयर बनाकर एक व्यक्ति से 38499 की धोखाधडी करने का मामला दर्ज किया है। गांव चंदाना के सुखदेव ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 23 अक्टूबर 2024 को उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया तथा उसे बातों में लेकर ओटीपी के माध्यम से उसके साथ 38499 की धोखाधड़ी की।

### सूने घर को बनाया निशाना चोर के उड़े आभूषण- नकदी

जींद। नरवाना में परिजन अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए थे। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात, 75 हजार की नकदी तथा दस्तावेजों को चोरी कर लिया। मकान के पास लगे कैमरे में चार महिला एक बालिका के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देती कैद हो गई। नरवाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चार महिलाओं के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हजारों का बिजली का सामान चुराया, केस

कैथल। कैथल के गांव बंदरना चोर हजारों रुपये का बिजली का सामान चुरा कर ले गए। बंदराना के शैलेंद्र कुमार ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 11 मई की रात को उसका वह पड़ोसियों के खेत से ट्यूबवेल की तार स्टार व अन्य सामान चुरा कर ले गए। सामान की कीमत करीब 40000 बताई गई है।

### जेवरात तथा बर्तन चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव मांडी में बीती रात चोरों ने संदूक में रखे सोने व चांदी के जेवरात, बर्तनों व अन्य सामान को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मांडी निवासी वेदपाल ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### बिजली कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

कैथल। उतर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर ने बताया कि बिजली शिकायतों का निपटान के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत कैथल की एक बैठक का आयोजन कार्यालय के सभागार में प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे किया जाएगा।

---

### शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा डीआरडीए हाल में परिवेदना समिति की बैठक में शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे

# गरीब को पूरा प्लान बनाकर लपेटा, केस दर्ज करवाओः ढांडा

### शहर थाना प्रभारी पर तरेरी आंखें, एएसपी को जांच के आदेश

### बैठक में रखी 18 शिकायतों में से चार का निपटान, सब कामों को छोड़ो, आरोपित को खींच कर लाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने योजना का लाभ ने देने पर बैंक अधिकारियों की फजीहत करते कहा कि पीड़ित को पूरा प्लान बना कर लपेटा है। जो भी गरीब की भावना से खेला है, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराओ। आत्महत्या के मामले में जांच से परिजनों के संतुष्ट न होने पर शहर थाना प्रभारी की तरफ आंखें भी तरेरी। वहीं तीसरे धोखाधड़ी के मामले में पुलिस को आदेश दिए कि सभी कार्य छोड़ कर आरोपित को खींच कर लाओ। शिक्षा विभाग के खिलाफ शिकायत पर एसओ को लेकर कहा कि माफी का कोई खाना नही है। एक सप्ताह में करें फैसला।

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सोमवार को डीआरडीए हाल में परिवेदना समिति की बैठक में शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। बैठक में कुल 18 शिकायतें रखी गई थी। जिनमें से चार का समाधान किया गया जबकि 14 को अगली बैठक के लिए पेंडिंग रखा गया है। राम कालोनी निवासी रोहताश ने अपनी बेटी कविता के नाम से भैंसों के लिए आईडीबीआई बैंक से लौन लिया था। एक किश्त बैंक ने दे दी। जिसको पीड़िता ने अदा भी कर दिया। दूसरी किश्त में मैनेजर ने आनाकानी करते हुए देने से मना कर दिया और उसे सब्सिडी भी नही मिली। एलडीएम ने बैंक की गलती को माना। जिस पर मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि पूरा प्लान बना कर गरीब को लपेटा गया है। योजना किस लिए बनी है। भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। जो भी जिम्मेवार है, उसके खिलाफ जांच करके एफआईआर दर्ज कराओ। मामला अगली मीटिंग तक पेंडिंग रखने के आदेश दिए। शिवपुरी कालोनी निवासी काजल के पति द्वारा फाइनेंसरों के दबाव आत्महत्या के मामले में मृतक के परिजनों ने पुलिस जांच पर ही सवाल खड़े कर दिए। आठ लोगों में से पुलिस ने केवल दो को गिरफ्तार कर छह को क्लीन चिट दे दी। शहर थाना प्रभारी के रवैये पर भी उंगली उठाई। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शहर थाना प्रभारी मनीष को बुला कर उसकी तरफ आंखें तरेरी और मामले की जांच एएसपी से दोबारा करवाने के आदेश दिए। जिसके साथ दो अधिव्यक्ताओं को भी जांच मे लगाया है। सब कामों को छोडो, आरोपित को खींच कर लाओ : गांव सिल्लाखेड़ी निवासी मेहर सिंह के साथ धोखाधड़ी के मामले में मंत्री महिपाल ढांडा ने पुलिस का पक्ष सुनने के बाद कहा कि सभी काम छोडो और आरोपित को खींच कर लाओ। धोखाधड़ी के मामले का हल करो। मामला अगली बैठक तक पेंडिंग छोड़ दिया गया। माफी का कोई नही खाना, एक सप्ताह में करें फैसलाः शिक्षा विभाग के खिलाफ सेवानिवृतकर्मी की सर्विस रूल गलत भेजने के मामले में लापरवाही बरतने पर विभाग के एसओ को चेतावनी देते हुए कहा कि माफी का कोई खाना नही है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए की एक सप्ताह मे एसओ मामले मे फैसला लें। एडीसी को मामले की जांच सौंपी गई है।





जींद। शिकायतें सुनते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व बैठक में शिकायत रखता हुआ पक्ष। फोटो :हरिभूमि

#### इन शिकायतों का निपटान

परिवेदना समिति की बैठक में गांव उझाना की नीलम ने श्रम विभाग में मजदूरी कॉपी बनवाने को लेकर, कलोदा कलां के कुलदीप सिंह ने फसल के पैसे की अदायगी करवाने बारे, उचाना कलां के जगबीर ने गली में से अवैध अतिक्रमण हटाने तथा बरवाला के प्रवीण कुमार ने निराश्रित महिला पेंशन को लेकर शिकायत दी थी। इन सभी चारों शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

#### एसपी साहब ठोक कर करे कार्रवाई

शामदो निवासी राजेश की जीएसटी चोरी की शिकायत पर मंत्री ढांडा ने कहा कि विभाग अपना पल्ला झाड़ रहा है। पुलिस मामले में कार्रवाई नही कर रही है। एक करोड़ की जीएसटी चोरी का मामला है। जिस पुलिस अधिकारी ने शिकायत के बाद भी कार्रवाई नही की है। एसपी साहब उस कर्मी के खिलाफ ठोक कर कार्रवाई करें।

#### प्रतिमाह चार स्कूलों का करें निरीक्षण

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि जिला के सभी उच्च अधिकारी प्रतिमाह कम से कम चार स्कूलों का निरीक्षण कर वहां बच्चों को दी जा रही गुणवत्तापूरक शिक्षा एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं की जांच करें। अगर किसी स्कूल में कोई कमी आंकी जाती है तो उसको पूरा करवाएं ताकि शिक्षा स्तर और अधिक मजबूत हो सके। इस अवसर पर उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री, बीजेपी के जिला प्रधान तेजेन्द्र ढूल, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, डीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### ये शिकायतें रही पेंडिंग

शास्त्री नगर निवासी विजय द्वारा सहायक कल्याण अधिकारी कार्यालय से ली गई कन्यादान योजना बारे अपनी शिकायत शिक्षा मंत्री के सम्मुख रखी। शिक्षा मंत्री ने जिस पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ जिला कष्ट निवारण समिति के दो सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई। यह कमेटी सही व गलत की जांच कर अगली बैठक के लिए रिपोर्ट पेश करेगी। इसी प्रकार जींद के सुंदर नगर निवासी रामरानी, सुरेंद्र, फतेहसिंह आदि द्वारा रखी गई शिकायत में कहा कि नरवाना रोड़ पर एक निजी होटल मे व्यापार व कानूनी की आड़ में वैश्यावृति के धंधे को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिस पर संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्री ने एएसपी की ड्यूटी लगाई कि वे इस मामले की पूरी जांच पड़ताल कर रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। राम कॉलोनी निवासी कविता पत्नी रोहताश ने अपनी शिकायत में कहा कि अंत्योदय स्कीम के अनुसार आईडीबीआई बैंक से लोन लिया था जिसमें उनके द्वारा किस्तों के द्वारा मूलधन की पूरी राशि अदा की गई थी। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा मेरे को कोई सब्सिडी नहीं दी गईए शिकायत के मामले में शिक्षा मंत्री ने डीसी व पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि इस मामले को गम्भीरता से लें और संबंधित बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार गांव शिल्लाखेड़ी निवासी मेहर सिंह द्वारा शिकायत रखी गई कि एलपीएएनडी टोकन कंपनी के कर्मियों द्वारा हमें लालच दिया गया कि आपके पैसे डबल करने का झांसा दिया गया था। जिसकी रिपोर्ट हमने पुलिस विभाग को पहले ही दे दी गई थी लेकिन उस पर पुलिस विभाग द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में शिक्षा मंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित कम्पनी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए। हरियाणा कॉआपरेटिव सोसायटी के चेयरमैन अमरपाल राणा, डा. राज सैनी, जवाहर सैनी, डा. पुष्पा तायल सहित अन्य अधिकारी व भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


---

## बागडू कलां में तूड़े के कूपों में लगी आग

- चार दमकल की गाड़ियों ने 6 घंटे में कड़ी मशक्कत बाद काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव बागडू कलां में देर रात्रि अज्ञात कारणों से तुड़ी के कूपों में आग लग गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर सफीदों दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल कर्मियों के साथ ग्रामीणों ने भी आग बुझाने काफी प्रयास करते रहे लेकिन काबू नहीं हुई। जिसके बाद पिल्लूखेड़ा व जींद से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों मौके पर बुलाई गईं। चार दमकल की गाड़ियों ने करीब 6 घंटे के बाद कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया। इस आगजनी में गांव बागडू कलां निवासी संदीप उर्फ मीनू के 17 तुड़े के कूप जलकर राख हो गए। मामले की जानकारी देते हुए संदीप उर्फ मीनू ने बताया कि वह डेढ़ एकड़ का जमीदार है। जिसने 380 एकड़ जमीन के गेहूं के अवशेष लेकर तुड़ी के कूप बनाए हुए थे लेकिन देर रात्रि अज्ञात कारण से उसके कूपों में आग लग गई। इस घटना में उसे काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा है।



सफीदों। तूड़े के कूपों में लगी हुई आग। फोटो :हरिभूमि

## कार पेड़ से टकराकर पलटी, दो की मौत, तीन गंभीर

- दोनों मृतक परिवार के इकलौते चिराग, पांचों में थी गहरी दोस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव चुहड़पुर तथा शामदों के जींद-कैथल मार्ग पर बीती रात अनियंत्रित आई 20 गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मृतक परिवार के इकलौते चिराग थे। अलेवा थाना पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए। सैक्टर 11 निवासी अमित (27), इम्पलॉयज कालोनी निवासी सन्नी (28), गांव किठाना निवासी अजय (26), गांव नगूरां निवासी हिमांशु (26), गांव जुलानी निवासी हरदीप (25) रविवार को देर रात गांव नगूरां से आई 20 गाड़ी में सवार होकर गांव किठाना जा रहे थे। चुहड़पुर व शामदो के बीच गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर खेत में पलट गई। जिसमें सवार पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने अमित तथा सन्नी को मृत घोषित कर दिया। जबकि अजय, हरदीप तथा हिमांशु को हायर इंस्टीच्यूट रेफर कर दिया लेकिन परिजन तीनो को शहर के निजी अस्पताल ले गए। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जायजा लिया। अलेवा थाना पुलिस ने घायल हिमांशु की ब्यान पर मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं। गांव नगूरां निवासी हिमांशु के रिश्ते के लिए कुछ लोग आए थे। हिमांशु ने अपने चारों दोस्तों को भी बुला लिया। शाम का रिश्तेवाले लोग चले गए। कामकाज को निपटा कर देर रात हिमांशु अपने दोस्तों के साथ अपने दोस्त गांव किठाना निवासी अजय को छोड़ने उसके गांव जा रहे थे।



मृतक के शव के पोस्टमार्टम को लेकर कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

## गेहूं के कट्टे चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

- तीस कट्टे अनाज 9 कट्टे चावल तथा कुरुक्षेत्र से चोरीशुदा स्कूटी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गेहूं के 70 कट्टे चोरी करने के मामले की जांच त्वरित कार्रवाई करते हुए एंटी व्हीकल स्टाफ द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। आरोपियों द्वारा 2 अन्य चोरी की वारदात को भी अंजाम देना कबूला गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माडल टाउन कैथल निवासी लोकेश गोयल की शिकायत अनुसार 23 अप्रैल की रात करीब 2 बजे ट्रांसपोर्ट नगर कैथल के सामने उसके प्लाट से अज्ञात व्यक्ति गाड़ी लगाकर 70 कट्टे गेहुं के चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मामले की मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई शुभकरण, एसआई जयभगवान, एएसआई जसमेर सिंह, एचसी अनिल कुमार व एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रामनगर कैथल निवासी साहिल उर्फ हेडली व राजीव नगर कैथल निवासी कमलदीप उर्फ कालिया को गिरफ्तार कर लिया गया।



कैथल। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस गिरफ्त में गेहूं व चावल चोरी के आरोपी।

#### न्यायिक हिरासत में भेजा

पूछताछ दौरान आरोपियों ने 12/13 अप्रैल की रात अपने अन्य साथियों के साथ कैलरम स्थित एक चावल शैलर से चावल के कट्टे चोरी व कुरुक्षेत्र से एक स्कूटी चोरी करने की करने की वारदात भी कबुल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 30 कट्टे गेहूं तथा 9 कट्टे चावल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। उपरोक्त मामले में 4 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी कोर्ट के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

### बिजली कर्मचारियों का धरना 38वें दिन जारी

सफीदों। बिजली कर्मचारियों के सस्पेंशन के विरोध में तालमेल कमेटी के बैनर तले बिजली बोर्ड में बिजली कर्मचारियों का धरना 38वें दिन में प्रवेश कर गया है। इस मौके पर कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि 21 मार्च को एसडीओ के निर्देश पर गांव डिडवाा, साहनपुर व मलिकपुर आदि गांवों में शिकायत के आधार पर बिजली चोरी की चैकिंग करने के लिए टीम बनाकर गए थे। इस चैकिंग टीम के द्वारा गांव डिडवाड़ा में एक परिसर चैक किया गया था। चैकिंग के दौरान पाया गया कि यहां पर घरेलू मीटर लगा हुआ है, जबकि मौके पर परिसर का उपयोग पशु डेयरी के रुप में किया जा रहा है। चैकिंग के दौरान मौके पर उस परिसर में 8-10 भैंसें, चारा काटने की मशीन आदि मौजूद थे। कर्मचारियों को बिना कोई सुनवाई का मौका दिए उनको निलंबित कर दिया है।

## शहर में अवैध कनेक्शन पर कसा जाएगा शिकंजा

- जल संरक्षण अभियान के तहत घर घर जाकर करेगी कनेक्शन चैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पेयजल व सीवरेज के अवैध कनेक्शनों पर शिकंजा कसने के लिए विभाग ने कमर कस ली है। इसके लिए जिला के सभी शहरो में पहले ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस दिया जाएगा ओर बाद में कनेक्शन काटे जाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी भानु प्रकाश शर्मा ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिला के सभी शहरी क्षेत्र में विभाग की टीम बनाकर लोगों के पेयजल व सीवरेज से संबंधित समस्याओं को दूर किया जा रहा है। इसके तहत विभाग की टीम घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन की जांच कर रही है। कहा कि शहरी क्षेत्र में कुछ पेयजल उपभोक्ताओं द्वारा सर्विस स्टेशन के लिए पेयजल का उपयोग किया जा रहा है या अन्य तरीके से अवैध कनेक्शन किए हैं। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा सब्जी व हरे चारे के लिए पेयजल का गलत तरीके से उपयोग किया जाता है।

---

**परेशानी** ये कैसी जननी सुरक्षा योजना, कर्मचारियों की मनमानी का शिकार हो रही गर्भवती महिलाएं

# सीएचसी अलेवाः प्रसव के बाद भूख से बिलबिलाती रही महिला, स्टाफ ने बजट का अभाव बता कर झाड़ा पल्ला

- स्वजनों में सरकार तथा विभाग के आलाधिकारियों के प्रति रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में भर्ती प्रसुताओं को भोजन देने के स्पष्ट निर्देश हैं लेकिन सीएचसी अलेवा में विभाग के निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। ऐसा ही मामला सोमवार को सीएचसी अलेवा में देखने को मिला, जिसमें महिला को प्रसव के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पीने के लिए दूध तो उपलब्ध करवा दिया लेकिन भोजन के मामले में उक्त महिला भूख से बिलबिलाती रही। यही नहीं महिला के परिजनों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष मामला उठाए जाने के बाद भी विभाग ने सीएचसी में बजट का रोना रोकर महिला को खाने के मामले में एक बिस्किट का पैकट देकर चुप करवा दिया। गांव गोहियां निवासी पीड़ित महिला की सासु मां अजमेरो उर्फ जगीरों ने बताया कि उसके लड़के की पत्नी सपना ने सोमवार सुबह 6 बजे के करीब सीएचसी अलेवा में एक स्वस्थ लड़की को जन्म दिया था। महिला के प्रसव के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जच्चा को पीने के लिए दूध तो उपलब्ध करवा दिया लेकिन भोजन के मामले में कर्मचारी जच्चा के हाथों में एक बिस्किट का पैकट देकर चलते बने। जिसके कारण आखिर में उनको घर से खाना आदि मंगवा कर खाना पड़ा। महिला ने बताया कि वैसे तो स्वास्थ्य विभाग तथा सरकार गर्भवती महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चला कर उत्थान करने की बात करती है, लेकिन धरातल पर प्रसव के बाद महिलाओं को खाना तक नसीब नहीं होता है। जिसके कारण गर्भवती महिलाओं तथा उनके स्वजनों में सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों के प्रति रोष है।



सीएचसी अलेवा में खाने को लेकर आमने-सामने पीड़ित पक्ष व कर्मचारी।

#### खाना नहीं देना गलत : सीएमओ

नागरिक अस्पताल जींद की सिविल सर्जन डा. सुमन कोहाली ने बताया कि प्रसव के बाद महिलाओं को खाना देने का प्रावधान है। इसके लिए बजट आदि बहाना नहीं बनाया जा सकता है। दूसरे जगहों से पैसा लेकर प्रसव वाली महिलाओं को खाना आदि दिया जा सकता है। इसके लिए बैठक में एसएमओ से बात की जाएगी। प्रसव के बाद महिलाओं को खाना नहीं देना गलत है।

#### बजट का अभाव कैसे दें खानाः डाइट इंचार्ज पूनम

सीएचसी अलेवा डाइट इंचार्ज पूनम ने बताया कि बजट के अभाव में चार-पांच दिन से प्रसव के बाद महिलाओं को खाना नहीं मिल रहा है। इसके लिए उसने पहले भी घर से 14 हजार रुपये लगा रखे हैं लेकिन अभी तक अक्तूबर महिने से एक भी रूपया नहीं मिला है। जिसके कारण प्रसव के बाद महिलाओ को खाना नहीं मिल रहा है।

**क्या है प्रावधानः** सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव के बाद नाश्ता, दूध तथा भोजन देने का प्रावधान है। नार्मल डिलीवरी में प्रसूता को कम से कम 48 घंटे तथा आपरेशन की स्थिति में सात दिन तक अस्पताल में रहना होता है। जिसमें महिला को डाइट के तौर पर प्रतिदिन 100 रुपये मिलते हैं। इसी प्रावधान के माध्यम से प्रसूता को भोजन मिलता है, लेकिन यही व्यवस्था सीएचसी अलेवा में कर्मचारियों की मनमानी की शिकार हो गई है।

हरिभूमि
# सहेली



विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई

परिवार से दूर रहकर सुखी जीवन की चाहत रखना एक बहुत बड़ी भूल है। परिवार वो छाया है, जो संकट की तपती धूप में हमें शीतलता देता है, हमारा संबल बनता है। इसलिए जरूरी है हम हमेशा पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखें। परिवार के लोग प्रेम-स्नेह से बंधे रहें।

## परिवार का प्रेम-स्नेह जीवन का है आधार

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

परिवार को जीवन की पहली पाठशाला कहा जाता है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती आ रही यह मान्यता हर इंसान को मानवीय मूल्यों से जोड़कर रखती है। विचार-व्यवहार के मोर्चे पर जीवन को साधने का पाठ पढ़ाती है। अपनों के साथ संबल का ठिकाना कहे जाने वाले परिवार में ही तो एक छत के नीचे रहकर सुख-दुख साझा किया जाता है। हर उतार-चढ़ाव में जिंदगी से जुड़े रहने की हिम्मत बनी रहती है। परिवार, समाज की सबसे छोटी इकाई है जरूर, लेकिन समाज की बुनियाद को मजबूती देने में इस इकाई के मायने बहुत अहम हैं। समाज को बनाने और बनाए रखने में परिवार की अहमियत हमेशा से रही है, लेकिन अब परिवार के मूल स्वरूप में बिखराव साफ दिखने लगा है। यही वजह है कि हर साल घर-आंगन से जुड़े बहुत से विषयों पर विमर्श के लिए अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार दिवस को पारिवारिक ताना-बाना सहेजने की कोशिश के रूप में देखा जाता है।

### मानवीय समझ को पोषण

पारिवारिक खुशहाली का समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण रोल होता है। दुनिया के हर हिस्से में परिवार ही समाज के भावी नागरिक को इंसानियत का पाठ पढ़ाता है। बुजुर्गों की स्नेह-सुरक्षा का साया मिलता है। युवा परिवार में सही मार्गदर्शन पाते हैं। रिश्तों के ताने-बाने का यह बंधन हर उम्र के लोगों को कुछ न कुछ देता ही है। यों भी जिंदगी का हर सबक अपने परिवार में ही सीखा जाता है। अपने आंगन में मिली सीख से ही आगे चलकर नई पीढ़ी का व्यक्तित्व पूर्णता पाता है। परिवार ही बड़ों की संभाल और देखभाल का आधार बनता है। हमारे फैमिली सिस्टम में मौजूद यह आपसी जुड़ाव, जो मजबूत पृष्ठभूमि बनाता है, वह हर परिस्थिति में मन-जीवन को थामती है। पारिवारिक व्यवस्था सही मायने में हमारे जीवन का आधार स्तंभ है। परिवार में साथ-साथ रहना, सुख-दुख साझा करने की सोच, अपनेपन के भाव हम आपस में दिल से जोड़े रखते हैं। हर तरह से एक-दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग भरा भाव ही पारिवारिक संबंधों का संबल है। परिवार में खुशियों और जिम्मेदारियों का एक अनोखा मेल होता है, जो सभी को आपस में बांधे रहता है। यही बंधन हमें अच्छे-बुरे वक्त में थामने का काम करते हैं। बड़ों को मान और बच्चों को मनुहार परिवार में ही मिल सकती है। हमारे यहां हर तबके के परिवारों में यही स्नेहपूरित सोच रही है। जीवन को साधने-समझने वाले हर मानवीय भाव-चाव को परिवार ही पोसता आया है।





### बिखरता ताना-बाना सहेजने के प्रयास

हालिया वर्षों में टूटते-बिखरते परिवारों का बढ़ता आंकड़ा चिंता का विषय बन गया है। दुनिया के हर समाज में परिवार के महत्व को रेखांकित किए जाने के बावजूद पारिवारिक ढांचा बिखर रहा है। कहीं बच्चे अकेले छूट रहे हैं तो कहीं बुजुर्ग स्नेह-साथ को तरस रहे हैं। बहुत से युवा शादी कर परिवार बसाना ही नहीं चाहते तो कई कपल्स शादी के बाद अपने रिश्ते को बिखरने से नहीं बचा पा रहे हैं। दुनिया भर में पारिवारिक सुदृढ़ता के लिए सराहे जाने वाले हमारे देश में भी अब तलाक के मामले बढ़े हैं। अपनों के साथ ही बर्बरता करने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। बदलती लाइफस्टाइल के चलते परिवार छोटे होते जा रहे हैं। जीवन की आपा-धापी में इतना कुछ नया जुड़ रहा है कि परिवार और अपने ही पीछे छूट रहे हैं। पारिवारिक कलह के चलते लोग अपनों की जान लेने से भी नहीं चूक रहे। भावनाओं में भरे जुड़ाव पर स्वार्थी सोच हावी हो रही है। वर्चुअल दुनिया में अंजान चेहरों से जुड़ने के इस दौर में अपनों की उपेक्षा की संस्कृति पनप रही है। यही वजह है कि पारिवारिक मूल्यों को सहेजने के लिए कोशिशें जरूरी हैं। बदलते हालातों से जुड़ी सजगता लाने, परिवार के प्रति लोगों में लगाव को बढ़ाने और इस संस्था की अहमियत बताने के लिए ही इंटरनेशनल फैमिली-डे मनाया जाता है। हर साल यह दिन एक खास थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। वर्ष 2025 की थीम 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां-सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' रखी गई है। जिसका उद्देश्य समाज के डेवलपमेंट के लिए परिवार की बेहतरी से जुड़ी पॉलिसीज पर फोकस करना है। साथ ही यह विषय फैमिली सिस्टम से जुड़ी मौजूदा नीतियों और मुद्दों के एनालिसिस और रिव्यू से भी जुड़ा है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा पॉलिसीज को समझकर ही भविष्य में पारिवारिक मूल्यों को बेहतर बनाने की राह तलाशी जा सकती है।

### अपनों का प्रेम-साथ-स्नेह अनमोल

असल में व्यवस्थागत प्रयासों के साथ हमें भी परिवार से जुड़ाव के अर्थ को समझना होगा। सब कुछ बनाने-जुटाने के फेर में गांवों से लेकर मेट्रो सिटीज तक लोग यह भूल रहे हैं कि परिवारजनों के बीच साझे सुख-दुःख की भावना ही रीत रही है। आज भावनात्मक दूरियां बढ़ रही हैं। ऐसे में हमें याद रखना होगा कि परिवार के सभी सदस्यों को भावनाओं की डोर से बंधे रहना चाहिए। अपनों का साथ हर किसी के मन को छोटी से छोटी खुशी में भी अनमोल सुख देता है। रिश्तों का यह ताना-बाना स्नेह बांटना भी सिखाता है और खुशियों को जीना भी। फाइनेंशियल परेशानी हो या बीमारी, अपने ही तो हर कष्ट में साथ खड़े नजर आते हैं। इतना ही नहीं अपनों का साथ पाकर हर तरह के दुःख से जूझने की शक्ति भी मिलती है। कई समस्याएं दिलो-दिमाग को विचलित किए बिना ही हल हो जाती हैं। संबल और सुख का यह परिवेश परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। तीज-त्योहारों की रौनक भी अपनों के साथ से ही होती है। मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां, परिवार के साथ बिना अधूरी-सी लगती हैं। घर-परिवार से मिलने वाला सुख-समर्पण का यह भाव ही हमें समाज और देश से जोड़ता है। समझना मुश्किल नहीं कि स्ट्रेस, डिप्रेशन और अकेलेपन से जूझते लोगों के आंकड़े में इजाफे का एक कारण पारिवारिक टूटन भी है। अपनी जड़ों से जुड़ाव रखना हो या मन-जीवन की जद्दोजहद का सामना करना, परिवार का साथ बहुत मायने रखता है। अपनों के बीच अनमोल साथ स्नेह को कायम रखने वाली कुटुंब व्यवस्था की भूमिका सुरक्षा, सेहत और संभाल हर पहलू पर अहम है। ❀

## दुख बांटने का सुख एक मानवीय अनुभव

सुख-दुख हर किसी के जीवन में आते हैं। लेकिन दुख साझा करने से उसे सहना थोड़ा आसान हो जाता है। इसलिए घर-परिवार में या कोई भी जानने वाला अगर दुख में दिखे तो उसका सहारा बनें, उसका दुख जरूर बांटें।

संवेदना
यशोधरा भटनागर



रहीम का एक दोहा है- रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय/ सुनि अठिलैहैं लोग सब, बांटि न लैहैं कोय।। इस दोहे का मतलब है कि अपने मन के दुख को मन में ही रखना चाहिए। दूसरों का दुख सुनकर लोग इठला भले ही लें, लेकिन उसे कम करने वाला कोई नहीं होता। साथ ही, लोग दूसरे का कष्ट सुनकर उसका उपहास भी उड़ाते हैं। वहीं दूसरी ओर यह भी कहा जाता है कि दुख बांटने से कम होता है। सच ही है, दुखों को हल्का करने के लिए, सिर रख कर रोने के लिए एक कंधा मिल जाए तो दुख कम तो नहीं होता पर एक ऐसा एहसास जुड़ जाता है, जो व्यक्ति के लिए संबल बन जाता है और वह दुख का सामना करने की शक्ति पा जाता है।

**जीवन को गतिमान बनाते हैं सुख-दुखः** मनुष्य का जीवन सुख और दुख के द्वंद्व में सदा गतिमान रहता है। सुख हमें आनंद देता है, परंतु दुख हमारी सहनशीलता, हमारे रिश्तों और हमारे भीतर छुपे मानवीय गुणों की परीक्षा लेता है। दुख एक ऐसा अनुभव है, जिसे यदि अकेले सहा जाए तो वह भारी लगता है, लेकिन यदि इसे किसी के साथ बांटा जाए, तो यह हल्का लगता है, एक अनोखे सुख का भी रूप ले लेता है। यह सुख गहरे मानवीय संबंधों और सहानुभूति के मूल्य को दर्शाता है। इसलिए हमें अपने आस-पास के लोगों का दुख बांटना चाहिए, दुखी व्यक्ति को अकेले नहीं छोड़ देना चाहिए। अस्सी वर्षीया शांति देवी की आंखें उस दिन बार-बार बरस रही थीं। पति का जन्मदिन जो था। भावों का तीव्र प्रवाह हृदय को उद्वेलित कर रहा था। सात बरस हो गए पति के देहांत हुए, लेकिन आज भी वह आस-पास ही महसूस होते हैं। शांति देवी पल भर भी उन्हें भुला नहीं पाई हैं। पहाड़-सा दुख मन पर डटा खड़ा है। दीवारों से घिरी वो अकेली हैं, नितांत अकेली। वे दीवारों से ही बतियाती हैं। दीवारें मौन हैं और दुख का पहाड़ उतना ही बड़ा। यह आज के समाज का विद्रूप-कुरूप चेहरा है।



**कम होता है भावनात्मक बोझः** दुख एक मानसिक और भावनात्मक बोझ है। इसे बांटने की प्रक्रिया न केवल इस बोझ को हल्का करती है, बल्कि उसमें छुपे तनाव, अकेलेपन और हताशा को भी कम करती है। यह वही प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने भीतर के भावों को शब्दों के माध्यम से बाहर निकालता है। एक सच्चे मित्र या हमदर्द के साथ ऐसा करने से व्यक्ति को यह विश्वास होता है कि कोई उसे समझ रहा है, उसकी पीड़ा में शामिल है। यह विश्वास ही उसे मानसिक और भावनात्मक सुकून देता है।

**दुख सुनाने और सुनने वाले बंधते हैं अदृश्य बंधन में:** हर व्यक्ति को जीवन में ऐसे किसी साथी की आवश्यकता होती है, जो उसके दुख को सुन सके, उसे समझ सके। मित्रता और हमदर्दी इस प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। एक सच्चा मित्र न केवल हमारे सुख के पलों का सहभागी होता है, बल्कि हमारे दुख के समय एक आश्रय भी बनता है।


**मिलती है आंतरिक संतुष्टिः** जब हम किसी के साथ अपना दुख साझा करते हैं, तो हमें एक आंतरिक संतुष्टि मिलती है। यह संतोष इस बात का प्रतीक है कि हमने अपने भावनात्मक बोझ को हल्का किया है। ❀



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## प्रॉपर मेकअप से मिलेगा अट्रैक्टिव लुक

आकर्षक-खूबसूरत दिखने के लिए आप हर पॉसिबल स्टेप फॉलो करती हैं। अगर किसी पार्टी में जाना हो तो स्टाइलिश ड्रेस चुनती हैं, ताकि सबसे अलग दिखें। लेकिन अच्छी ड्रेस भी आपकी ब्यूटी को तभी उभारता है, जब मैचिंग मेकअप अप्लाई किया जाए। हालांकि मेकअप तो सभी महिलाएं करती हैं लेकिन सही तरीके से किया गया मेकअप ही आपके लुक को निखार सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपको मेकअप करने का सही तरीका पता हो। अगर आप मेकअप करने से पहले यह तय ही नहीं कर पाती हैं कि आपको किस तरह का मेकअप करना है और कैसा मेकअप आप पर अच्छा लगेगा, तो हम आपको सिंपल लेकिन इंप्रेसिव मेकअप स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।



**बेस तैयार करें:** मेकअप बेस तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले प्राइमर लगाना चाहिए। इसके बाद चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और फाउंडेशन का चुनाव हमेशा अपनी स्किन टोन से एक टोन अपर शेड का सेलेक्ट करें। इसके बाद आप फेस पावडर लगाएं। अगर आप गालों को हाईलाइट करना चाहती हैं, तो पीच ब्लश ऑन का भी इस्तेमाल करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि फाउंडेशन लगाने के बाद गीले स्पंज को चेहरे पर डैब करें, ताकि फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड हो जाए।

**आई मेकअपः** निखरी खूबसूरती पाने के लिए आंखों का परफेक्ट मेकअप भी बहुत मायने रखता है। अच्छा आई मेकअप आपके पूरे लुक को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आंखों के आस-पास की स्किन और पलकों के ऊपरी हिस्से पर बेस तैयार करना चाहिए और प्राइमर और फाउंडेशन लगाना चाहिए। आप आंखों को यदि बड़ा दिखाना चाहती हैं, तो लाइट आईशैडो का इस्तेमाल करना चाहिए। आप काजल और आईलैशेज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लिपस्टिकः** लिपस्टिक का चुनाव करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि डे पार्टी में लाइट और न्यूड शेड्स की लिपस्टिक कैरी करें और नाइट पार्टी में डार्क रेड, ब्राउन या फिर डार्क पिंक कलर की लिपस्टिक अप्लाई करें। होंठों के आकर्षण के लिए लाइट और नेचुरल कलर्स का उपयोग करना चाहिए। ज्यादा डार्क या ब्राइट कलर लगाने से परहेज करना चाहिए। लिपस्टिक की रंगत चुनते समय अपनी स्किन शेड को जरूर ध्यान में रखें। अगर आपकी स्किन टोन में पीलापन है तो ऑरेंज कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। डस्की स्किन के लिए यलो कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। गर्मियों में सामान्य त्वचा के लिए हल्के रंग बेहतर लगते हैं, लेकिन सांवली रंगत के लिए चमकीले रंग बेहतर होंगे। आप डार्क यलो शेड्स का प्रयोग भी कर सकती हैं। रात में होंठों से लिपस्टिक हटाना न भूलें। लिपस्टिक के बचे रंग होंठों को सूखा कर सकते हैं। ❀

मेंटल हेल्थ
डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर साइकिएट्रिस्ट, गुरुग्राम

आजकल अनेक महिलाएं कई वजहों से अलग-अलग मनोरोगों की शिकार हो रही हैं। क्यों होता है ऐसा, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें और इससे बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? यहां बता रहे हैं डिटेल में।

## तब आपका मन नहीं होगा बीमार

आज लोगों की जीवनशैली में व्यस्तता इतनी ज्यादा बढ़ रही है कि उनके पास खुद पर ध्यान देने और अपने परिवार के सदस्यों से भी बातचीत करने का समय नहीं होता है। इस तनावपूर्ण जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। इस दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। इनके बारे में आपको पता होना चाहिए।

**मेंटल स्ट्रेसः** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं और शहरों में न्यूक्लियर फैमिली की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें। इसकी वजह से उनका तनाव बढ़ने लगता है।

**प्रमुख लक्षणः** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, अनिद्रा, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और निराश हो जाना इसके प्रमुख लक्षण हैं।



**बचाव-उपचारः** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ मन की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनें, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योग और प्राणायाम करें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक से संपर्क करें।

**एंग्जायटीः** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**प्रमुख लक्षणः** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन तेज होना, पसीना आना, थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।

**बचाव-उपचारः** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें।



**डिप्रेशनः** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और जीने से अरुचि की भावना लंबे समय तक बनी रहे, तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही हैं।

**प्रमुख लक्षणः** अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, हीन भावना, आत्मविश्वास में कमी, डिप्रेशन के लक्षणों में शामिल हैं।

**बचाव-उपचारः** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकिएट्रिस्ट से सलाह लें। ❀

प्रस्तुतिः विनीता

आप नया घर बनवा रही हैं या पुराने घर का रिनोवेशन करवा रही हैं तो आप जरूर किचन को भी आकर्षक डिजाइन में देखना चाहेंगी। इसलिए हम आपको यहां बता रहे हैं, कुछ मॉडर्न किचन डिजाइंस के बारे में।

## अट्रैक्टिव-कंफर्टेबल मॉडर्न किचन डिजाइन

इंटीरियर
रेणु लैसी फ्रांसिस



हर घर में रसोई यानी किचन का खास महत्व होता है। यहीं पर आप पूरे परिवार के लिए खाना-नाश्ता बनाती हैं। होम मेकर्स के दिन का काफी समय यहीं बीतता है। इसलिए इसका इंटीरियर न केवल आकर्षक बल्कि सुविधाजनक भी होना चाहिए। हालांकि पुराने दौर में घरों में जिस तरह के किचन हुआ करते थे, आज उसके स्वरूप में काफी बदलाव हुए हैं। जैसे-जैसे तकनीक में सुधार हुआ, किचन में सुविधाएं भी बेहतर होती गई हैं। आजकल मॉड्यूलर किचन महिलाओं की पहली पसंद बन रही है। नए इंटीरियर ट्रेंड में किस तरह के किचन पसंद किए जा रहे हैं, आप जरूर जानना चाहेंगी।


**ओपन किचनः** आजकल विदेशों की तरह अपने यहां भी घरों में ओपन किचन लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा हैं। यह डायनिंग रूम और हॉल के साथ ही बनाए जाते हैं। ओपन किचन में कोई दरवाजा नहीं होता, यह बिल्कुल खुला हुआ होता है। चारों तरफ से रोशनी और हवा आती रहती है। आप इस किचन में काम करते हुए अन्य लोगों से बातचीत भी कर सकती हैं। आप किसी इंटीरियर डिजाइनर की सलाह से ओपन किचन बनवा सकती हैं।



**वाल किचनः** छोटी जगह के लिए वाल किचन एक अच्छा ऑप्शन है। आजकल लोग एक दीवार वाला किचन ज्यादा बनवाना पसंद कर रहे हैं। आप रसोई के सामानों को एक दीवार के साथ व्यवस्थित रख सकती हैं। जिससे सब कुछ आसानी से एक ही जगह मिल जाता है। किचन में सामानों को स्लाइडिंग दरवाजे के पीछे या कैबिनेट के भीतर रखा जा सकता है। आप एक सामान के ऊपर दूसरा सामान भी रख सकती हैं, जिससे छोटी जगह का भी उपयोग ईजीली हो जाता है।

**एल शेप किचनः** आजकल एल शेप के किचन भी काफी बनवाए जा रहे हैं। यह छोटी और बड़ी दोनों जगहों पर आसानी से बन जाता है। इसमें आप कम जगह में ज्यादा सामान को आसानी से स्टोर कर सकती हैं। कुकिंग एरिया और स्टोर को अलग दो भाग में बनाने के लिए आजकल एल शेप के किचन ज्यादा बनाए जा रहे हैं। एक तरफ खुली जगह जहां आप खाना बना सकती हैं। दूसरे भाग में आप सामान रख सकती हैं। अगर आपके पास छोटा किचन स्पेस है तो एल शेप का किचन बनवा सकती हैं।

**पैरेलल किचनः** ऐसा किचन कम जगह में आसानी से बन जाता है। अगर आपके घर में स्मॉल गैलरी जैसा शेप है तो आप यहां पैरेलल किचन बनवा सकती हैं और किचन को क्लासिक लुक भी दे सकती हैं। पैरेलल किचन में एक समय में एक से अधिक व्यक्ति काम नहीं कर पाते हैं।



**यू शेप किचनः** आपके घर में ज्यादा और बड़ी जगह है तो आप यू शेप का किचन बनवा सकती हैं। इसमें आपको स्पेशियस स्टोरेज की सुविधा मिलेगी। यू शेप के किचन में आप आसानी से सिंक, कुकटॉप, ओवन और रेफ्रिजरेटर को रख सकती हैं। यू शेप के किचन में दो-तीन लोग आराम से एक साथ काम कर सकते हैं। आपका परिवार बड़ा है तो यू शेप किचन को बनवाने में ही समझदारी है। ❀

**(इंटीरियर डिजाइनर वरिजा बजाज से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### मच्छरजनित बीमारियों से बचाव बारे किया जागरूक

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत बरसोला गांव में स्वास्थ्य कर्मियों जयवीर सिंह, सुमित, सुशील शर्मा, पवन कुमार, ओमप्रकाश शर्मा और रामदयाल व आशा वर्कर द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने रैपिड फीवर मास सर्वे के दौरान बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बनाई और घरों के टंकी, कूलर, हौदी, ड्रम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ आदि में लारवा की जांच की व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए।

### पैंशनर्ज के लिए कैशलेस प्रणाली लागू करे सरकार

**जींद।** हरियाणा पैंशन समाज की बैठक ब्राह्मण धर्मशाला में में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सत्यवान मुद्गिल ने की। बैठक का संचालन जोरा सिंह' किया। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की लम्बित समस्यायों के बारे में विचार विमर्श किया गया। जिसमें विशेषरूप से 65, 70 व 75 की आयु में 5, 10 व 15 प्रतिशत की वेतन वृद्धि एवं कैशलैस प्रणाली को लागू बारे सरकार को अवगत कराया गया।

### मदर्स डे पर कुरुक्षेत्र भ्रमण का आयोजन

**अलेवा।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में एसएम पब्लिक स्कूल भौंसला द्वारा बच्चों की दादी के लिए कुरुक्षेत्र भ्रमण यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या इति गर्ग तथा स्कूल संचालक कुलदीप सैनी ने की। मुख्य रूप से स्कूल चेयरमैन सत्यवीर सिंह सैनी ने भाग लिया।

### किसानों का धरना लगातार जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1117 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता चंद्र भान दबलैन ने की और मंच संचालन और मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने किया। मंच सांझा करते बताया कि 22 अप्रैल से आज तक भारत की आम जनता बड़ी बदहवासी में समय व्यतीत कर रही है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम प्रकटोत्सव

**जींद।** पंडित नेकी राम विचार मंच एवं ब्राह्मण धर्मशाला के सौजन्य से उचाना में स्थित ब्राह्मण धर्मशाला के प्रांगण में 16 मई को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर भव्य कार्यक्रम रखा गया है। जानकारी देते मंच एवं धर्मशाला के प्रधान रघुवीर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम बतौर मुख्यअतिथि विधायक देवेंद्र अत्री होंगे।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव घोघड़िया निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 24 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वह गांव करसिंधु निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत पांच मई को उसकी 23 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई।

### जनवादी महिला समिति का सम्मेलन 28 जून को

**जींद।** जनवादी महिला समिति का राज्य सम्मेलन 28-29 जून को जींद में होगा। सम्मेलन के लिए सोमवार को स्वागत समिति का गठन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं रिटायर्ड अध्यापिका कुसुम दलाल को स्वागत समिति का अध्यक्ष बनाया गया। स्वागत समिति गठन के लिए हुई बैठक में जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता, महासचिव उषा सरोहा ने संबोधित किया।

### उचाना कलां में निक्षय शिविर का आयोजन

**जींद।** उप सिविल सर्जन टीबी डा. जयकुमार मान जींद के आदेशानुसार उचाना कलां में 90 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान दूसरा चरण के तहत निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीबी कार्यक्रम के तहत वनरेबल पॉपुलेशन के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई।

### विधायक की अध्यक्षता में विकास कार्यों को लेकर बैठक

# शहर के विकास कार्यों में बाधा डालने पर होगी कार्रवाई: जांबा

## पेयजल पाइपलाइन डालने सहित बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के निर्देश

### पालिका मीटिंग में कचरा निस्तारण, अवैध शराब के अड्डों और बुनियादी सुविधाओं पर अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नगरपालिका पूंडरी में हलका विधायक सतपाल जांबा की अध्यक्षता में शहर के विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पालिका चेयरपर्सन, पार्षदगण व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व हुई मीटिंग में तय किए गए कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें से कई कार्यों में कुछ लोगों के विरोध के चलते रुकावट आई थी। विधायक जांबा ने इस पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में बाधा डालने वालों की लिखित शिकायत करें और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह कार्यों में अड़चन आती रही, तो शहर का विकास रुक जाएगा, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जांएगा। बैठक में शहर के कचरे के निस्तारण हेतु नई जगह चिह्नित करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं वार्ड नं. 3 और 6 में चल रहे अवैध शराब के खुर्दे को लेकर पार्षदों ने चिंता जाहिर की, जिस पर विधायक ने तुरंत पुलिस की मदद से कार्रवाई के आदेश दिए। इसके अलावा शहर की कई गलियों के निर्माण, सीवरेज व पेयजल पाइपलाइन डाले जाने सहित बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मैं अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। पार्षदों के सहयोग से शहर की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सरकार शहरों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



पूंडरी। नगरपालिका में पार्षदों से मीटिंग करते हल्का विधायक सतपाल जांबा।

#### ये रहे मौजूद

चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, जांबा गांव के सरपंच लाभ सिंह, पार्षद सतीश हजवाना, पार्षद मुल्तान सिंह, हिशम सिंह बुक्कल, रिंकू गोलन, बलबीर गोलन, अमित सैनी, निजी सचिव डॉ. बलविंदर मैहला व अरुण गुलाटी भी मौजूद रहे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

**पूंडरी।** गांव सांच स्थित प्रसिद्ध बालाजी मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक सतपाल जांबा ने सहभागिता कर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में पहुंचना विधायक जांबा ने अपना सौभाग्य बताया और भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। जनसमूह को संबोधित करते विधायक सतपाल जांबा ने कहा, ऐसे आयोजन न केवल हमारी आध्यात्मिक आस्था को प्रबल करते हैं, बल्कि समाज में भाईचारे, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-पाठ के स्थान नहीं, बल्कि समाज को जोडने वाले केंद्र होते हैं। जिला पार्षद व अनाज मंडी पूंडरी के पूर्व प्रधान जितेंद्र टाया आदि मौजूद रहे।

# नशा न करने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा मुक्त अभियान तहत कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार पुलिस टीम आमजन के बीच में जाकर नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशा न करने बारे जागरूक कर रही है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि संसार में कई प्रकार के नशे होते हैं। कोई सुंदरता का नशा, धन का नशा, ताकत का नशा, सत्ता का नशा है, पद का नशा, शराब तथा अन्य प्रकार की ड्रग्स का नशा आदि। ये नशे मनुष्य को कुमार्ग पर ले जाने वाले होते हैं। नशे सहित सामाजिक बुराइयों को दृढ़ संकल्प एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से छोड़ा जा सकता हैं। सभी युवा अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें, युवा सही दिशा में मेहनत करके अपने चरित्र को गढ़ेंगे तो हम सभी मिलकर एक सभ्य समाज का निर्माण करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि युवा अपने चरित्र को अच्छे से गढ़कर खुद के जीवन को संवार भी सकते हैं और बुराइयों में फंस कर अपने जीवन को खराब दिशा में भी ले जा सकते हैं। युवा स्वयं भी नशे से बचें और अपने आस-पास यदि नशे से जुड़ी कोई गतिविधि देखें तो अभिभावको व अध्यापकों को सूचना दें। यदि आपको कोई भी व्यक्ति नशा ऑफर करें तो ना कहने की आदत डालें।



कैथल। नशा न करने बारे जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि



जींद। सहायता राशि उपलब्ध करवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### फैन क्लब ने बढ़ाया मदद का हाथ

**जींद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी फैन क्लब हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें क्लब की तरफ से जरूरतमंद पूनम को उनके पति को कैंसर होने के कारण किसी प्रकार की आमदनी न होने पर पूनम को घर चलाने हेतु अपना व्यवसाय करने के लिए 15 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर बबल सैनी प्रदेश अध्यक्ष, नारायण दत्त शर्मा, मंधीर कौशिक कोषाध्यक्ष, प्रवीण एडवोकेट, साहब सिंह रेढू, दिनेश सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेश पूर्व सरपंच निर्जन, विजय सैनी मुख्य सलाहकार, कमल निर्जन एवं अन्य लोग मौजूद रहे। पूनम को रोजगार करने में यह समिति पूर्ण सहयोग करेगी तथा भविष्य में भी उनके पति के इलाज के लिए जो संभव होगा वह योगदान जरूर करेगी।

### नप विकास कार्यों पर खर्च करेगी 38.52 लाख रुपये

**जींद ।** नगर परिषद द्वारा शहर में पांच विकास कार्यों के लिए 38.52 लाख रुपये की राशि से टेंडर लगाए गए हैं। इनमें ओपन जिमए पार्क में स्वीमिंग पुल, बैरागी सभा की धर्मशाला में दरवाजे व अन्य निर्माण, सैनी श्मशान घाट का निर्माण होगा। शहर की स्कीम नंबर पांच में 5.08 लाख रुपये की राशि से ओपन जिम और स्वीमिंग पुल का निर्माण होगा। नौ लाख 32 हजार रुपये की राशि से बैरागी सभा की धर्मशाला में दरवाजे व अन्य कार्य करवाए जाएंगे। सेक्टर 11 में सात लाख 17 हजार रुपये की राशि से पार्क का जिर्णोद्धार होगा। इसके अलावा 16.95 लाख की राशि से नहर के नजदीक सैनी श्मशान घाट का जिर्णोद्धार करवाया जाएगा। कार्यों की मांग शहरवासी लंबे समय से करते आ रहे थे। नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि शहर के पार्कों में बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए नगर परिषद लगातार काम कर रही है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर लगाया भंडारा

**कैथल।** हनुमान जन्मोत्सव को माल गोदाम रोड, हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास सातवां भण्डारा छोले चावल का भंडारे का आयोजन किया । भंडारे का शभारंभ रामभज मित्तल पूर्व प्रधान पुरानी अनाज मंडी ने भगवान हनुमान जी सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर भण्डारा का शुभांरभ किया। इससे पहले हवन का आयोजन किया गया। एक हजार भक्तो ने प्रसाद को ग्रहण किया। भंडारा हनुमान मार्केट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भंडारे का आयोजन करती है। आठवां भंडारा 11 जून को लगाया जाएगा। अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता ने बताया कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है।



कैथल। भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



मुख्य मार्ग पर खाली पड़ा डिवाइडर का एक हिस्सा जहां कोई पौधा नजर नहीं आ रहा।

### देखभाल के अभाव में दम तोड़ रहे पौधे

**राजौंद।** नगर के असंध- कैथल मार्ग पर डिवाइडर पर लगाए गए पौधे देखभाल के अभाव में सूख गए। लेकिन संबंधित विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है। विभाग इस ओर लंबी तान कर सोया हुआ है। कहने को यहां डिवाइडर पर पौधे लगाए गए थे। लेकिन इसमें अब स्थिति यह बन चुकी है कि जींद मोड़ से रोहेड़ा मोड़ तक अब डिवाइडर पर एक भी पौधा नजर नहीं आता। देखभाल के अभाव में यह पौधे नष्ट हो गए। विभाग कि लापरवाही के कारण आज डिवाइडर के इस हिस्से पर कोई पौधा ही नहीं रहा। दुकानदार श्याम, हवा सिंह, रमेश, रामकुमार, राजेश, सुरेंद्र, संजय, सोनू, रमेश, कृष्ण ने कहा कि यहां पौधे लगाने से एक तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सहायक सिद्ध होते। दूसरा यहां दुर्घटना के बचाव में भी पौधे सहायक होते हैं।

### प्रशिक्षण में जिले के 40 मेंटर लेंगे हिस्सा

**जींद।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तर पर सभी एबीआरसी और बीआरपी को केआरपी के तौर पर आठ दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें सभी केआरपी अपने जिलों में सभी प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। जिला जींद के मेंटर को दो चरणों मे प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहला बैच 14 मई से 21 मई तक चलेगा व दूसरा बैच 24 मई से एक जून तक चलेगा। पहले बैच में 40 व दूसरे बैच में 40 मेंटर प्रशिक्षण लेंगे। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस प्रशिक्षण के पहले तीन दिन में मेंटर की भूमिका, जिम्मेदारियां और आगामी सत्र में बच्चों के सीखने के स्तर को बढ़ाने की रणनीतियों को लेकर कार्य एवं शिक्षकों को सहयोग विषय को लेकर होगा।



जींद। मंथन करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### डीएन मॉडल स्कूल में मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सैटर्न हाउस की इंचार्ज सुदेश व प्राचार्या राज रेढू द्वारा महात्मा बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की गई। प्रार्थना सभा में छोटे-छोटे बच्चों ने बौद्ध धर्म के नियमों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने हिंदी व अंग्रेजी में अपने विचार सांझा किए। लघु नाटिका के द्वारा बच्चों ने महात्मा बुद्ध की जीवनी को प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार व प्राचार्या राज रेढू ने अपरिग्रह सत्यता एवं मानव कल्याण का गुण भगवान बुद्ध के जीवन से अनुसरण करने का आह्वान किया। विद्यालय निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने सभी अध्यापकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।



जींद। ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बीमारियों से बचाव को लेकर किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराये के तहत ईक्कस गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम दिनेश के नेतृत्व में पहुंची और रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। चिकित्सा अधिकारी डा. अमित ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बनाई और घरों के टंकी, कूलर, होदी, ड्राम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ आदि में लार्वा की जांच की व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए। सर्वे के दौरान नुक्कड़ सभाएं करके आम जनता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी बुखार से बचाव बारे जागरूक किया। डा. अमित ने कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है जोकि पानी में अपना जीवन चक्र पूरा करता है।

# ईगराह में यज्ञशाला का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तपोभूमि ईगराह में बड़ी यज्ञशाला के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रुप में मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा प्रदेश अध्यक्ष वृंदा शर्मा व उनके पिता शिव नारायण शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। गांव बुआना, ईगराह तथा अन्य गांव की महिलाएं वह पुरुष उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंडित द्वारा पूरे विधि विधान से यज्ञशाला के लिए भूमि पूजन किया गया तथा यज्ञशाला की आधारशिला रखी गई। यह यज्ञशाला काफी बड़ी होगी। ईगराह तपोभूमि के महंत सूर्यानन्द महाराज इस यज्ञशाला के लिए बहुत बड़ा



तप कर रहे हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. विक्रमगिरि महाराज ने की। उन्होंने बताया कि इस यज्ञशाला के लिए संपूर्ण खर्च वृंदा शर्मा, उनके पिता शिवनारायण शर्मा व उनके परिवार द्वारा उठाया जाएगा। वृंदा शर्मा ने कहा कि मेरे दादाजी पंडित रामधारी शर्मा जो गांव बुआना के सरपंच रहे तथा जुलाना ब्लॉक समिति के चेयरमैन भी रहे तथा मेरी दादी शांति देवी के नाम से इस यज्ञशाला का निर्माण करवा रहे हैं। इस अवसर पर महंत सूर्यानन्द महाराज ने कहा कि यज्ञशाला के लिए वृंदा शर्मा, उनके पिता शिवनारायण शर्मा व उनके पूरे परिवार को आशीर्वाद व शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा की यज्ञशाला पूर्ण होने के बाद पंडित रामधारी पूर्व सरपंच गांव बुआना व उनकी धर्मपत्नी शांति देवी की यज्ञशाला के द्वार पर जयपुर से बनी मूर्ति स्थापित होगी। सूबेदार रामधन शर्मा बुआना, दयाकिशन, रिषिराम नंबरदार रामराये, संदीप प्रधान ब्राह्मण सभा नरवाना, रिषि राम शर्मा, डा. कश्मीरी शर्मा प्रधान ब्राह्मण सभा पिल्लूखेड़ा, राजेश शर्मा, रामधन रेढू, दलबीर सिंह, रमेश, वेद कुमार, सरोज देवी, राजपति देवी, कमला देवी, कविता देवी, शकुंतला आदि उपस्थित रहे।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### योगा चैंपियनशिप में छाए जींद के खिलाड़ी

**जींद।** पलवल में ऑल इंडिया योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जींद के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया और सात गोल्ड मेडल समेत 14 मेडल अपने नाम किए। खिलाड़ियों के जींद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। महर्षि पतंजली योग संस्थान द्वारा पलवल के गीता विद्या मंदिर में 10 से 12 मई तक आयोजित करवाई इस प्रतियोगिता में 150 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें आठ से 12 साल आयु वर्ग में मनस्वी और परिधि ने आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड मेडल जीता। स्नेहा और हिमांशी ने 12 से 15 साल आयु वर्ग के आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में गोल्ड मेडल, 12 से 15 आयु वर्ग में आर्यन और हर्षित ने आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड और 15 से 18 ट्रेडिशनल आयु वर्ग में हिमांशु ने गोल्ड मेडल जीता। ट्रेडिशनल में अर्पित गर्ग ने सिल्वर, मैत्री, दिग्विजय, स्वस्ति मलिक ने ट्रेडिशनल में सिल्वर मेडल, शौर्य ने ट्रेडिशनल और मयंक ने ट्रेडिशनल में ब्रॉज मेडल जीता।

### गेहूं का नही हो रहा उठान, किसानों की करोड़ों की अटकी पेमेंट

# खरीद एजेंसियों की लापरवाही पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे की अनाजमंडी में खरीद एजेंसियों की लापरवाही किसानों पर भारी पड़ रही है। उठान नही होने से और मौसम खराब होने से मंडी में लाखों क्विंटल गेहूं भीग रहा है। उठान नही होने पर किसानों की करोड़ों रुपये की पेमेंट नही हो पा रही है। जिससे किसानों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। मंडी में अब तक 9 लाख 97 हजार 888 क्विंटल की आवक हो चुकी है। मंडी में अब तक 1 लाख 13 हजार 411 क्विंटल गेहूं का उठान नही हो पाया है। ऐसे में किसानों की 27 करोड़ 50 लाख 21 हजार 675 रूपये की पेमेंट नही हो पाई है। जिससे किसानों को आढ़तियों के पास चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। पिछले साल अब तक 9 लाख 48 हजार 80 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी। उठान नही होने पर आढ़ती एसोसिएशन ने मार्केट कमेटी सचिव को पत्र लिख कर उठान के काम में तेजी लाने की गुहार लगाई लेकिन इसके बावजूद उठान के काम में तेजी नही आ पाई। जिसके चलते आढ़तियों की परेशानी और बढ़ती हुई नजर आ रही है। अगर बरसात आती है तो मंडी में पड़े गेहूं पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने कहा कि मंडी में उठान नही होने के कारण किसानों की पेमेंट रूकी हुई है और किसान पेमेंट के लिए आढ़तियों के पास चक्कर काट रहे हैं। खरीद एजेंसियों के पास कैरेट भी उपलब्ध नही हैं तो उठान के काम में देरी हो रही है। आढ़तियों की मांग है कि जल्द से जल्द उठान का काम करवाया जाए ताकि किसानों की पेमेंट हो सके।



जुलाना। मंडी में पड़ी गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

#### काम में तेजी लाई जाएगी

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग जुलाना इंस्पेक्टर राहुल ने बताया कि मंडी से उठान का काम नियमित रूप से हो रहा है। हर रोज लगभग 30 हजार बैग का उठान हो रहा है। भारतीय खाद्य निगम ने मंडी से सीधी डिलिवरी की मांग कर ली है। मंडी से उठान के काम में ओर तेजी लाई जाएगी।



जींद। कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### एनवायरमेंटल स्टडीज पर कार्यशाला आयोजित

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोगाम ओन एनवायरमेंटल स्टडीज पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित की । कार्यशाला में सभी शिक्षकों ने भाग लिया। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने कार्यशाला के विषय में कहा कि विद्यालय में इस प्रकार की कार्यशालाएं निरंतर लगाई जाती है।

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फतेहपुर में पंचायती खेत की शामलात भूमि की बोली 14 मई 2025 दिन बुधवार को गांव की बड़ी चौपाल में दोपहर 3 बजे होगी। बोली की शर्तें मौके पर ही सुना दी जाएंगी।

सरपंच — सोहनलाल वर्मा
सचिव — देवेंद्र शर्मा

## खबर संक्षेप



### आधारशिला स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने जीते पदक

**जींद।** गत 10 व 11 मई को पलवल में आयोजित ऑल इंडिया योगासन चैंपियनशिप में आधारशिला विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने रजत पद प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसमें कक्षा छठी से दिग्विजय, कक्षा सातवीं से अर्पित गर्ग व कक्षा आठवीं से मैत्री हैं। तीनों विद्यार्थियों ने परम्परागत योगासनों की इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की है। खिलाडियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने अपने संबोधन के दौरान खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योगासनों से हमारा तन व मन दोनों ही सशक्त बनते हैं।

### अंबेडकर भवन के ऊपरी मंजिल का काम प्रारंभ

**नरवाना।** बुध पुर्णिमा पर भीमराव अम्बेडकर भवन में ऊपरी मंजिल का निर्माण कार्य किया प्रारंभ। अशोक नरवाल ने बुध वंदना की और नप की चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा ने ज्योति प्रज्वलित कर कार्य की शुरुआत की। उनके साथ डा प्रीतम कोलेखा, डॉ प्रदीप नैन, चरण सिंह नगर पार्षद, नरेश नैन, डॉ संजय पार्षद, सतीश सुरजाखेडा, चरण सिंह चौपड़ा विशेष तौर पे उपस्थित रहे। प्रधान डॉ वीरेंद्र चौपड़ा सचिव कशमीरा उप प्रधान फुल कुमार ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया।

## भारत-पाक युद्ध शांति के बावजूद अधिकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को जुटा रहे

# नागरिक अस्पताल में आने वाले लोगों को उपचार के लिए नहीं होगी परेशानी

- नई बिल्डिंग में हेल्प डेस्क पर नियमित कर्मी की ड्यूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत-पाक युद्ध शांति के बावजूद अधिकारी लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं को जुटाने व सूची तैयार करने में लगे हुए हैं। इसी को लेकर जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले लोगों को उपचार के लिए कोई परेशानी नही होगी। सीएमओ डा. सुमन कोहली द्वारा जब से कार्यभार संभाला गया है तब से मरीजों व उनके तिमारदारों को उपचार के साथ-साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल में अब उपचार से लेकर चिकित्सकों के कमरों की जानकारी को लेकर जगह-जगह बैनर लगा दिए गए हैं। इसके साथ ही नई बिल्डिंग में हैल्प डैस्क पर नियमित कर्मी की डयूटी लगाई गई है जो लोगों को हरसंभव जानकारी देने का काम करता है।

### जिला नागरिक अस्पताल में 200 बैड की सुविधा

युद्ध के दौरान अस्पताल की छत पर लाल क्रॉस या एच चिह्न का आकार जिनेवा सम्मेलनों और अतिरिक्त सैन्य दिशा-निर्देशों द्वारा निर्देशित होता है ताकि हवाई हमलों से दृश्यता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसी को लेकर नागरिक अस्पताल की छत पर प्लस का निशान बनाया गया है। इसका न्यूनतम आकार एच या लाल क्रॉस के लिए 6 मीटर है। बेहतर दृश्यता के लिए इसे बडा बनाया गया ह। नागरिक अस्पताल 200 बैड का जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। पुरानी बिल्डिंग में जहां इमरजेंसी विंग चलाई जाती है वहीं नई बिल्डिंग में चिकित्सक ओपीडी करते हैं। कई बार लोगों को अस्पताल में आने पर यही नही पता चल पाता था कि वो उपचार के लिए कौन से बिल्डिंग में जाएं। इस तरह की कई समस्याएं स्वास्थ्य अधिकारियों के समक्ष पहुंच रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए अस्पताल के एंट्री गेट पर शव गृह की दीवार पर ओपीडी नई बिल्डिंग की जानकारी को दर्शाते हुए पेंटर से लिखवाया गया है। बाकायदा इसमें तीर का निशान भी बनाया गया है। जिससे पता चलता है कि ओपीडी विंग बिल्कुल सामने है। इसके साथ ही पुरानी बिल्डिंग के साथ जहां जनरेटर सेट रखा गया है वहां आपातकालीन विभाग को दर्शाते हुए बोर्ड लगा दिया गया है। यहां भी नई बिल्डिंग में ओपीडी का संदेश लिखा गया है।

### कमरों के नंबर लिखवाए

नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में ओपीडी के लिए पर्ची स्लिप काटी जाती है। जिस पर कमरा नंबर व चिकित्सक का नाम लिखा जाता है। कई बार मरीज व उनके तिमारदारों को कमरों को ढूंढना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि नई बिल्डिंग में तीन तल हैं। पहले व दूसरे तल पर ओपीडी होती है और यहां चिकित्सक अलग-अलग कमरों में बैठ कर उपचार करते हैं। जबकि तीसरे तल पर आप्रेशन थिएटर बनाया गया है। ऐसे में मरीजों व उनके तिमारदारों को चिकित्सक कमरों के लिए ज्यादा पूछताछ न करनी पड़े, जगह-जगह कमरों की जानकारी लिख दी गई है।

प्रथम तल पर कमरों की जानकारी अलग से व दूसरे तल पर कमरों की जानकारी अलग से दर्शाई गई है।




**जींद।** अस्पताल की छत पर बनाया गया प्लस का निशान व अस्पताल में जगह-जगह जानकारी को लेकर लगाए गए बोर्ड। *फोटो :हरिभूमि*

### बिल्डिंग की छत पर प्लस का निशान बनवाया : सीएमओ

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अस्पताल परिसर में जगह-जगह पर बोर्ड लगवाए गए हैं। जिन पर ओपीडी विंग की जानकारी, चिकित्सक कमरों के नंबर दर्शाए गए हैं। बाकायदा इन कमरों में मिलने वाली सुविधाओं को भी अंकित करवा दिया गया है ताकि मरीजों को उपचार के लिए ज्यादा पूछताछ न करनी पड़े और उन्हें तुरंत उपचार मिले। इसके अलावा अस्पताल की छत पर उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशानुसार प्लस का निशान बना दिया गया है।



**राजौंद।** मीटिंग करते नपा सफाई कर्मचारी व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन आज-कल

- वादा खिलाफी के विरोध मे झाड़ उल्टे लेकर प्रदर्शन करेंगे : शिवचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर सोमवार को राजौंद ब्लाक की मीटिंग प्रधान संदीप कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका राजौद के प्रांगण में हुई। संचालन सचिव रोहतास ने किया। मीटिंग में नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एस के एस जिला प्रधान शिवचरण फायर के राज्य प्रधान व नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणद,एसकेएस ब्लाक प्रधान कपिल सिरोही केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जन विरोधी आर्थिक उदारीकरण की नितियां तेजी से लागू कर रही है।जिससे लगातार महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टचार बढ रहा है, केंद्र व राज्य सरकार इन पर रोक लगाने की बजाए जाति- धर्म के नाम पर जनता का घ्यान बटका कर अपने चहेते पूंजिपतियों को लाभ पहुंचे का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 20 मई की हड़ताल के माध्यम से पूंजीपतियो के हक में श्रम कानूनों में किए गए बदलाओ वापिस ले ने,न्युनतम वेतन 26000 रुपए लागू करने, सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, केंद्र व राज्य में लाखों की संख्या में खाली पड़े पदो पर स्थाई भर्ती करके युवाओं को रोजगार देने, पुरानी पेंशन बहाल करने,2006 से पहले वाली एक्सग्रेसियां पॉलिसी बहाल करने, आठवां वेतन आयोग लागू इत्यादि मांगों को लेकर कहा कि राज्य सरकार लगातार नगर पालिकाओ, नगर परिषदों, नगर निगमों व फायर के कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य कमेटी के आह्वान पर 13-14 मई को सभी शहरों मे मुख्य बाजारों मे झाडू उल्टे लेकर प्रदर्शन करेंगे और 16 मई को नगर पालिकाओ, नगर परिषदो व नगर निगमों में 8-8 घंटे कार्मिक भूख हड़ताल करेंगे और 20 मई की राष्ट्र व्यापी हड़ताल में भाग लेकर सफल करेगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी केंद्र व राज्य सरकार की होगी।इस दौरान संदीप कुमार, रोहतास, सुरेश कुमार, सतबीर पंहाल,बबली देवी, बीना, अनू, कृष्ण कुमार, बिट्टू, जोगिंद्र, फायर से सुरेन्द्र कुमार सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क बन रही परेशानी, आढ़तियों ने डंडे लगाकर जान बचाने की शुरू की जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुरानी अनाज मंडी में डाली सीवरेज लाइन अब विकास कार्य नहीं बल्कि जनता की जान लेने वाली योजना बन चुकी है। जहां सीवरेज डाली गई थी, वहां की मिट्टी को न सही तरीके से भरा गया, न समतल किया गया और अब वही सडके गहरे, खतरनाक गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। बरसात में ये गड्ढे जलभराव के कारण दिखाई नहीं देते और रात के अंधेरे में राहगीर व वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई दुपहिया वाहन पलट चुके हैं, कुछ तो गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि स्थानीय आढ़तियों ने खुद इन जानलेवा गड्ढों में डंडे गाड़ दिए हैं, ताकि वाहन चालक दूर से ही खतरे को भांप सकें और हादसों से बच सकें। सवाल उठता है क्या अब जनता को अपनी जान बचाने के लिए खुद सड? पर निशान लगाने पड़ेंगे। ठेकेदार का कोई अता-पता नहीं है और संबंधित अधिकारी अभी तक मूकदर्शक बने बैठे हैं। इस लापरवाही की कीमत आमजन चुका रहा है। सडके खस्ताहाल हैं, व्यापार प्रभावित है, और रोज हादसे हो रहे हैं। आढ़तियों ने कहा कि क्या हर काम के लिए कोई हादसा होना जरूरी है, क्या ठेकेदारों की जवाबदेही तय नहीं होती। आढ़तियों ने कहा कि अगर मंडी क्षेत्र की स्थिति तुरंत नहीं सुधारी गई और सडके दुरुस्त नहीं की गईं, तो वे इसकी शिकायत सी.एम. से करेंगे और ठेकेदार और संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सार्वजनिक कार्रवाई की मांग की जाएगी। प्रशासन के लिए अब समय खत्म हो रहा है।



पुरानी अनाज मंडी में गड्ढों में गांड़े हुए डंडें ।



### गीता मंदिर में रास लीला उत्सव का शुभारंभ

**सफीदों।** श्री गीता मंदिर सभा के तत्वावधान में नगर के गीता मंदिर में रास लीला उत्सव का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम में स्वामी मुक्तानंद भिक्षु का सानिध्य प्राप्त हुआ। श्रीधाम वृंदावन से कुंजबिहारी शर्मा व उनकी टीम के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन प्रस्तुत किया। कलाकारों के जीवंत प्रदर्शन को देखकर उपस्थित श्रद्धालुगण भक्ति भाव विभोर हो गए। सभी ने तालियां बजाकर कलाकारों की हौसला अफजाई की। श्रद्धालुओं ने जय श्री कृष्ण व जय श्री राधे के जयघोष किया। अपने संबोधन में स्वामी मुक्तानंद भिक्षु महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सुख व दुख के दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। जैसे सुख के दिन हमेशा नहीं रहते, वैसे ही दुख के दिन भी हमेशा नहीं रहते हैं। हमें दुख के समय में धीरज रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ उस समय कंस के कारागार के ताले टूट गए, पहरेदार सो गए व वासुदेव-देवकी बंधन मुक्त हो गए। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने वर्षा काल में उफनती हुई यमुना नदी को पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। इस मौके शिवकुमार गोयल, रामेश्वर दास गुप्ता, महेश गोयल, रामप्रसाद दीवान, विपिन गुप्ता, रतन गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, आत्माराम गोयल आदि मौजूद रहे।

समिति की आमसभा सम्पन्न

# महाविद्यालय में करवाए प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौ. ईश्वर सिंह कन्या शिक्षा समिति की वार्षिक आमसभा चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी के सेमिनार हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक चौ. तेजवीर सिंह ने की। इस दौरान वर्ष 2024-25 के लिए समिति की आय एवं व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया । साथ ही कॉलेज में कराए गए प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी दी गई, जिनमें नई पार्किंग का निर्माण, सोलर सिस्टम की स्थापना, कैंटीन का विस्तार, नया फर्नीचर, 6 नए कंप्यूटर, 2 वाटर कूलर और लाइब्रेरी के लिए नई किताबों की खरीद शामिल रही। इसके अतिरिक्त वर्ष भर की ऑडिट रिपोर्ट भी सभा के समक्ष रखी गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक चौ. तेजवीर सिंह ने कहा, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय शिक्षा, सेवा और सशक्तिकरण का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। समिति का प्रत्येक सदस्य इस लक्ष्य को लेकर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। हम भविष्य में और भी आधुनिक संसाधनों से महाविद्यालय को सुस'जित करने की दिशा में अग्रसर हैं। सभा में समिति के उपप्रधान हरिंद्र कोटिया, महासचिव प्रवीन मित्तल, कोषाध्यक्ष राजीव सिंगला सहित समिति के कई सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख नाम हैं, चमेल सिंह बरसाना, बलबीर सिंह टयोठा, सुखबीर सिंह मास्टर जांबा, दलेल सिंह जांबा, अजमेर सिंह बाकल सहित सभा में सैकड़ों कोलेजियम सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया था।



सदस्यों से बात करते समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह।

# सांसद नवीन जिंदल ने विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज. कैथल

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद नवीन जिंदल ने कैथल जिले के ग्राम मूंदड़ी में निमार्णाधीन संस्कृत विश्वविद्यालय के स्थाई परिसर का दौरा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजय गोयल ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने विश्वविद्यालय के स्थाई परिसर तक सुगम पहुंच के लिए करनाल-कैथल राष्ट्रीय राजमार्ग से विश्वविद्यालय को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के शीघ्र निर्माण के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि यह सड़क न केवल विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी महत्वपूर्ण होगी और क्षेत्र के समग्र विकास को गति देगी। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार और प्रशासनिक भवनों सहित सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। साथ ही संबंधित विभागों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए जाएं कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाए और समय-सीमा का भी कड़ाई से पालन हो।

# रेडक्रास सोसायटी एवं नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर को दिया आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला रेडक्रास सोसायटी कैथल की अध्यक्षा एवं डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में जाट महाविद्यालय कैथल के ऑडिटोरियम में आम-जन की सुरक्षा एवं हितों को मद्देनजर रखते हुए रेडक्रॉस तथा नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें करीब 300 स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं (वॉलंटियर्स) ने ट्रेनिंग प्राप्त की। इसमें बताया गया कि आपात स्थिति से कैसे निपटा जाए और आमजन की कैसे सहायता की जाए। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहना अति आवश्यक है। स्वैच्छिक कार्यकतार्ओं से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें। किसी भी अजनबी से सावधान रहें और उन्हें अपने घर या व्यवसाय में प्रवेश देने से पहले जांच ले। अचानक होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए एक आपातकालीन योजना बनाए।



**कैथल।** जिला रेडक्रास सोसायटी में उपस्थित वालंटियर।

जिला रेडक्रास सोसायटी कैथल के सचिव रामजी लाल ने बताया कि रेडक्रास सोसायटी एक मानवतावादी संगठन है। यह आपदाओं और आपातकाल में लोगों की मदद करता है। इसका मकसद मानव पीड़ा को कम करना और शांति का माहौल बनाना है। इसका प्रतीक, सशस्त्र संघर्षों में तटस्थता और सुरक्षा का अंतरराष्ट्रीय प्रतीक है। आपात स्थिति से निपटने के लिए से जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. बीरबल दलाल स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं को सीपीआर बारे विस्तृत रूप में जानकारी प्रदान की।



### आपात स्थिति को लेकर नपा सचिव ने ली पार्षदों की बैठक

**राजौंद।** नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा व चेयरपर्सन बबीता देवी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्षदों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी को जागरूक किया गया व सभी ने अपने अपने विचार भी रखे। इसके अलावा 2 मिनट का मोन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई। नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि भारत पाकिस्तान के बीच चल रही तनाव पूर्ण स्थिति को देखते हुए सभी पार्षदों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया है ताकि अगर कोई भी आपदा आती है तो उससे निपटने के लिए सभी अपने आप को तैयार रखें तथा लोगों को इसके लिए जागरूक भी करें। इस दौरान सभी पार्षदों ने भी अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान बैठक में चेयरपर्सन बबीता देवी, कनिष्ठ अभियंता अश्विनी कुमार,पार्षद अनुराग, राजेंद्र राणा, विजेंद्र राणा, विकास राणा, कर्मपाल खुरडा,जोनी राणा, राजबीर, अंकित कुमार सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### नशा विरोधी स्वयंसेवकों ने नशे के प्रति किया जागरूक

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्या वीना कुमारी की अध्यक्षता में नशा विरोधी सेल द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत डोर टू डोर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत नशा विरोधी सेल प्रभारी डा. मधुबाला व नशा विरोधी स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आम जनता को नशे से दूर करने रहने संदेश दिया। डा. मधुबाला ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्धेरश्य आम जनता, विशेष रूप से युवा वर्ग को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान के बारे में अवगत करवाना था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## नर्स डॉक्टर और मरीजों के बीच कड़ी का काम करती है : शारदा

# समाज के प्रति सजग रहकर ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल में सोमवार को विश्व नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधान शारदा ने की। जबकि कार्यक्रम में शर्मिला, प्रोमिला, ऊषा, पूजा, अन्नू, राजबाला, राजवंती, बाला, मधु, प्रदीप, अंजू, रेखा, पूनम, कविता, सुनील सिंधू, अंकित, संदीप, प्रदीप मौजूद रहे। नर्सिंग आफिसर प्रधान शारदा ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व नर्सिंग दिवस मनाने की शुरूआत 12 मई वर्ष 1974 को हुई थी। 12 मई के दिन प्रख्यात नर्स फ लोरेंस नाइटिंगल का जन्म हुआ था। उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि देते हुए इस दिन को विश्व नर्सिंग दिवस मनाने को चुना गया था। प्रधान शारदा ने सभी नर्सिंग स्टाफ को विश्व नर्सिंग दिवस की बधाई देते समाज के प्रति सजग रहकर ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारी सेहत को सुनिश्चित करने में जितना योगदान डॉक्टर का होता है उतना ही नर्सेस का भी है। नर्सिंग प्रोफेशन को सम्मान देने के लिए और नर्सेस के काम की सराहना करते हुए हर साल 12 मई के दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है।



**जींद।** कार्यक्रम के दौरान एक-दूसरे को केक खिलाते हुए नागरिक अस्पताल की नर्स।

### आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाकर पुण्य कमाएं

**राजौंद।** शहर के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नर्सिंग दिवा धूमधाम से मनाया गया। डमी का उपयोग करते सभी स्टाफ सदस्यों व बच्चों को सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन के तकनीक सिखाई गई,ताकि हम आपातकालीन स्थिति में किसी का जीवन बचा कर पुण्य कमा सके। व्यावसायिक शिक्षिका सीमा लालर ने बताया कि आधुनिक नर्सिंग की अग्रणी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग आंदोलन का जन्मदाता माना जाता है, दया व सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल /"द लेडी विद द लैंप/" के नाम से प्रसिद्ध है। इनका जन्म एक समृद्ध और उच्च वर्गीय ब्रिटिश परिवार में 12 मई 1820 को हुआ था। लेकिन उच्च कुल में जन्मी फ्लोरेंस ने सेवा का मार्ग चुना व तमाम विरोधों व क्रोध के पश्चात भी उन्होंने अभावग्रस्त लोगों की सेवा का व्रत लिया और नर्सिंग प्रोफेशन को पेशेवर के रूप में तब्दील कर नर्सों के सम्मान को बढ़ाया।